Visited
24/2/22

प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

एकेडमिक काउंसिल की बैठक दिनांक–21.02.2022 में लिये गये निर्णयः–

1) GeM पोर्टल से वर्ष–2019 से अबतक कुल– 2.5 करोड़ के क्रय से अवगत कराते हुए सभी विभागाध्यक्षों से प्राथमिकता के आधार पर आवश्यकतानुसार मांग पत्र समर्पित करते हुए पूर्व से आपूर्ति किये गये सामानों की जॉचोपरान्त संतोषप्रद आपूर्ति संबंधी प्रमाण–पत्र ससमय देने का निर्णय लिया गया।

2) GeM के Buyer के रूप में बरसर महोदय को मार्च–2022 में विपत्रों के त्वरित निस्पादन हेतु GeM लिपिक श्री विश्वजीत कुमार के साथ आवश्यकतानुसार बाह्यस्त्रोत पर कार्यरत डाटा इन्ट्री ऑपरेटर का सहयोग लेते हुए कार्य सम्पादित करवायें।

3) प्राचार्य प्रकोष्ठ/बरसर प्रकोष्ठ/प्रभारी प्राध्यापक(प्रशासन) प्रकोष्ठ/छात्र शाखा प्रकोष्ठ/केन्द्रीय भंडार प्रकोष्ठ में कराये गये False Ceiling एवं भीतरी दीवार का Wall Fitting का निर्माण करवाया गया। सभी विभागाध्यक्षों से अपने विभागों के अंतर्गत कक्षों का प्राथमिकता के आधार पर जीर्णोद्धार करवाने हेतु मांग पत्र समर्पित करने को कहा गया।

4) महाविद्यालय स्थापना/छात्र शाखा/लेखा शाखा के पूर्व के सभी Records/संचिका को Digitaliyed करते हेतु Archive Section का गठन करने निर्णय लिया गया। इस संकाय के प्रभारी डा0 रामाकांत प्रसाद, प्रभारी प्राध्यापक(प्रशासन) को नामित करते हुए वाह्य स्त्रोत से कम्प्यूटर ऑपरेटर को मांग कर रिकॉर्ड को Digial Form में संधारित करवायेंगे। इस हेतु GeM के माध्यम से Scanner/Table Lamp Scanner को क्रय करने का निर्णय लिया गया।

5) Guest House को जीर्णोद्धार करने हेतु एक कमिटी का गठन किया गया। जिसके सदस्यों की सूची निम्न हैः–

1) डा0 रामाकांत प्रासाद, सह प्राध्यापक मेडिसीन विभाग (प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन)
2) डा0 संजय कुमार, सहायक प्राध्यापक , मनोरोग विभाग
3) डा0 नीरा कुमारी, सहायक प्राध्यापक/ विभागाध्यक्ष, फिजियोलॉजी विभाग
4) डा0 नीति नेहा, सहायक प्राध्यापक, सर्जरी विभाग

उक्त सभी सदस्य गेस्ट हाउस का निरीक्षण करते हुए उसमें संभावित सुधार एवं जीणोद्धार हेतु प्रस्ताव प्राचार्य को समर्पित करेंगे। तथा GeM के माध्यम से मांग किये गये सामानों का क्रय किया जायेगा।

6) M/s Sinha Scientific Corporation, Gaya के प्राप्त विपत्रों के जॉच हेतु Review Commite का गठन करने का निर्णय लिया गया। कमिटी के सदस्य निम्नलिखित हैः–

1) डा0 महेश प्रसाद, बरसर
2) डा0 मो0 मजहर हुसैन अंसारी, भंडार पदाधिकारी
3) डा0 प्रहलाद शर्मा, सहायक प्राध्यापक, पैथोलॉजी विभाग

उक्त कमिटी सभी प्राप्त विपत्रों का अवलोकन कर जॉचोपरान्त उचित निर्णय लेकर कोषागार भेजने हेतु अग्रेसित करेंगे।

7) HITES के अंतर्गत Super Specility के निमार्णाधीन भवन के सुरक्षा के मद्देनजर Chief **Project Manager** श्री अश्विनी कौल के लिखित आवेदन के आलोक में तत्काल इस महाविद्यालय के सुरक्षा सेवा प्रदान करने वाले संवेदक से कुल–03 सुरक्षा कर्मी तीनों पाली हेतु मांग की गई है। उक्त हेतु उनके द्वारा छः माह हेतु सुरक्षा सेवा चालू रखने का अनुरोध किया गया। जिसपर सभी विभागाध्यक्षों की सहमति बनी।

ह0/–
प्राचर्य

ज्ञापांकः– 142/22 दिनांकः– 28/12/2022

प्रतिलिपिः–

प्रतिलिपिः– सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः– प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन/ईस्टेट ऑफिर/पुस्तकालय सचिव/वार्डेन श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– बरसर/लेखापाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– कॉलेज बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

विश्वासभाजन
28/12/22
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर
28/12/22